Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 22 ▫ रायपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# कल सुबह 8 बजे से होगी वोटों की गिनती

## निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष और सुरक्षित प्रक्रिया के लिए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**रायपुर,** 14 फरवरी (हाईवे चैनल)। नगरीय निकाय चुनाव के कल 15 फरवरी को मतगणना होनी है मतगणना की तैयारियों को लेकर आयोग कार्यालय नवा रायपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महत्वपूर्ण बैठक हुई। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगी और एक घंटे बाद रुझान आना भी शुरू हो जाएगा। इस दौरान मतगणना प्रक्रिया में आयोग की प्राथमिकताएं सुनिश्चित की गई राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के मार्गदर्शन में यह बैठक हुई जिसमें सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटरिंग अधिकारी शामिल हुए बैठक का उद्देश्य मतगणना पूर्व आवश्यक तैयारियों की समीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश देना और संभावित चुनौतियों पर चर्चा करना था साथ ही मतगणना प्रक्रिया की बारीकियों सुरक्षा प्रबंधन तकनीकी सहयोग पर भी गहन चर्चा हुई राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मतगणना प्रक्रिया किसी भी प्रकार की बाधा से मुक्त हो और निष्पक्षता को प्राथमिकता दी जाए। मतगणना कर्मियों को उचित प्रशिक्षण देने पर जोर दिया गया ताकि वे सभी तकनीकी प्रक्रियाओं को सही ढंग से संचालित कर सकें राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं में विधिक प्रावधानों और आयोग के निर्देशों का अक्षरश पालन सुनिश्चित किया जाएगा




### मतगणना प्रक्रिया की विस्तृत रूपरेखा

ईडीबी की गणना रिटर्निंग अधिकारी के टेबल पर की जाएगी। गणना का क्रम सबसे पहले महापौर अध्यक्ष पद के लिए उसके बाद वार्डवार वार्ड क्र 1 से प्रारंभ गणना होगी। मशीनों का प्रबंधन यदि किसी मतदान केंद्र पर एक से अधिक ईवीएम का उपयोग किया गया है तो संबंधित राउंड में सभी मशीनें एक साथ दी जाएंगी और उसी राउंड में उनकी गणना की जाएगी।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। साथ ही नदी किनारे प्रकाश व्यवस्था बढ़ाने के लिए भी मेला प्रबंधन समिति को निर्देशित किया गया है।

### लोकसभा, विधानसभा और उपचुनाव की तरह भाजपा को मिलेगी सफलता : साय



नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे कल आने वाले हैं, इसे लेकर प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चुनाव के नतीजों को लेकर कहा कि लोकसभा, विधानसभा और उपचुनाव की तरह ही इसमें भी बीजेपी को सफलता मिलेगी. उन्होंने दावा किया कि पिछले 13 महीनों में शहरी क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों से जनता का विश्वास बीजेपी के प्रति बढ़ा है. वहीं सीएम साय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी कथनी और करनी में अंतर है. छत्तीसगढ़ की जनता पिछले पांच साल तक ठगी गई है. अब कांग्रेस पार्टी पर जनता का विश्वास खत्म हो गया है.

### पारदर्शिता और निष्पक्षता होगी प्राथमिकता

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए है कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए पूरी तैयारी की जाएण् निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाए।

# नशा छोड़ने के लिए डांटती थी बुआ भतीजे ने धारदार हथियार से कर दी हत्या



## सोने की माला बेचकर दोस्तों के साथ की शराब पार्टी, तीन नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 14 फरवरी (हाईवे चैनल)। न्यायधानी बिलासपुर में नशे की लत को छुड़ाने के लिए फटकारने पर भतीजे ने अपनी बुआ की हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देकर आरोपी ने मृतिका के सोने की माला बेचकर दोस्तों के साथ शराब पार्टी की. पुलिस ने तीन नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया. पूरा मामला बिल्हा थाना क्षेत्र का है.

जानकारी के मुताबिक, मुख्य आरोपी नाबालिग भतीजा नशे की लत के चलते अक्सर घर में फटकार का सामना करता था. बुआ की डांट-फटकार से नाराज होकर उसने हत्या की योजना बनाई. 9 फरवरी को आरोपी ने धारदार हथियार से मृतका के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी. घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी. हत्या के बाद आरोपी ने मृतका के गले से सोने की तीन पत्ती वाली माला निकालकर उसे बेच दिया. माला बेचने से मिली रकम से उसने मोबाइल खरीदा और नाबालिग दोस्तों के साथ शराब पार्टी की. पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार, सोने की तीन पत्ती माला और अपराध में उपयोग की गई बाइक को जप्त कर लिया है. तीन नाबालिग सहित चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की जांच जारी है.


## ब्रेकिंग न्यूज

### ट्रंप-मोदी मुलाकात से शेयर बाजार में उछाल, सेंसेक्स 250 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (न्यूज चैनल)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच व्यापार समझौतों को लेकर हुई मुलाकात के बाद भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। भारतीय शेयर बाजार ने शुक्रवार को मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की। ग्लोबल संकेतों और निवेशकों की बढ़ती खरीदारी के बीच बीएसई सेंसेक्स 250.02 अंकों की बढ़त के साथ 76,388.99 पर खुला, जबकि एनएसई निफ्टी 65.05 अंकों की तेजी के साथ 23,096.45 के स्तर पर पहुंच गया। गुरुवार को बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला था, जहां दिनभर मजबूती के बाद आखिरी घंटे में बिकवाली के चलते इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए थे। हालांकि, आज के सत्र में बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिल रहा है।

### कुर्सी पर बिठाना हो या गले लगकर कहना- आप याद आए; पीएम से बोले- यू आर ग्रेट

नई दिल्ली, 14 फरवरी (न्यूज चैनल)। ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी स्थित व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान उन्हें 'अवर जर्नी टुगेदर' पुस्तक भेंट की। किताब में पीएम मोदी और ट्रंप की दोस्ती की पुरानी यादें संकलित हैं। इसमें ट्रंप के भारत दौरे की अहम यादें भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई वार्ता में अमेरिकी राष्ट्रपति ने मोदी को जमकर सराहा। उन्होंने कई मुद्दों पर भारत के रुख को गंभीरता से समझने की कोशिश की। इस दौरान दोनों की दोस्ती और जुगलबंदी भी देखने को मिली। फिर चाहे पीएम मोदी को कुर्सी पर बिठाना हो या फिर गले लगकर कहना कि आपकी बहुत याद आई। ट्रंप ने मोदी को उपहार के रूप में एक किताब भी दी। इस किताब के पहले पन्ने पर लिखा था- मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, यू आर ग्रेट। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे कहीं ज्यादा कठोर वार्ताकार हैं। उनसे कोई मुकाबला ही नहीं है। बातचीत या समझौते को लेकर ट्रंप ने मोदी को खुद से कहीं ज्यादा सख्त और बेतहर बताया। पीएम मोदी के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब ट्रंप से पूछा गया कि उनमें से कौन आज ज्यादा सख्त मोलभाव कर सकता है तो ट्रंप ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी मुझसे कहीं ज्यादा सख्त मोलभाव करने वाले हैं और वह मुझसे कहीं ज्यादा बेहतर वार्ताकार हैं। कोई मुकाबला ही नहीं है।




**चूहा- सुनती हो, उद्धव ठाकरे, शरद पवार से नाराज हैं कि उन्होंने दुश्मन एकनाथ शिंदे को सम्मानित किया। चुहिया- हां जी, राजनीति में दोस्त और दुश्मन सब एक समान होते हैं।**

# भारत-अमेरिका ने व्यापार को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के विकसित भारत विजन को अमेरिका के मेक अमेरिका ग्रेट अगेन नारे से जोड़ते हुए मेक इंडिया ग्रेट अगेन शब्द की शुरुआत की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका ने दोनों देशों की समृद्धि के लिए मेगा साझेदारी बनाई है।



पीएम मोदी की ट्रम्प से मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के विकसित भारत विजन को अमेरिका के मेक अमेरिका ग्रेट अगेन नारे से जोड़ते हुए मेक इंडिया ग्रेट अगेन शब्द की शुरुआत की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका ने दोनों देशों की समृद्धि के लिए मेगा साझेदारी बनाई है। उन्होंने पोस्ट किया, राष्ट्रपति ट्रंप अक्सर मेगा के बारे में बात करते हैं। भारत में हम विकसित भारत की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसका अमेरिकी संदर्भ में मतलब मिगा है। भारत और अमेरिका के पास समृद्धि के लिए एक मेगा साझेदारी है।

इस अवसर पर, पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का गंभीर लक्ष्य निर्धारित किया। पीएम मोदी ने कहा, आज, हमने अपने द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है, जो 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच जाएगा। हमारी टीमें जल्द ही एक पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर काम करेंगी। दोनों नेताओं द्वारा ऊर्जा और रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त विकास, संयुक्त उत्पादन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर प्रकाश डाला जाएगा। पीएम मोदी ने अमेरिका के साथ तेल और गैस वार्ता के बारे में बात की, क्योंकि यह भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा बुनियादी ढांचे में निवेश से संबंधित है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा सहयोग, विशेष रूप से छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। आने वाले दिनों में, नई तकनीक और उपकरण हमारी क्षमता को बढ़ाएँगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्टि की कि आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों द्वारा एक समग्र व्यापार समझौते पर बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा, हम आने वाले दिनों में एक पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को पूरा करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

### नए अमेरिकी टैरिफ के मद्देनजर पीएम मोदी ने ट्रंप और एलन मस्क से मुलाकात की

पीएम मोदी ने बुधवार को ट्रंप और अरबपति उद्यमी एलन मस्क से मुलाकात की। यह मुलाकात ट्रंप द्वारा भारत सहित हर देश पर पारस्परिक टैरिफ की घोषणा करने के कुछ ही घंटों बाद हुई। पीएम मोदी की यह यात्रा ट्रंप के व्हाइट हाउस में लौटने के बाद से अमेरिका की उनकी पहली आधिकारिक यात्रा भी है, जिससे वे राष्ट्रपति के दोबारा चुने जाने के बाद उनसे मिलने वाले चौथे विश्व नेता बन गए हैं। यह यात्रा भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी में एक नए अध्याय के रूप में है, जिसमें व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया है।

# देश में सवाल पूछो तो चुप्पी विदेश में पूछो तो निजी मामला



## राहुल ने अडाणी मामले को लेकर पीएम मोदी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (न्यूज चैनल)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में गौतम अडानी पर अभियोग मामले पर सवाल खारिज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इसे निजी मामला बताकर अपने दोस्त को बचा रहे हैं। राहुल ने एक्स पर लिखा कि देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला! अमेरिका में भी मोदी जी ने अडानी जी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया! जब मित्र का जेब भरना मोदी जी के लिए राष्ट्र निर्माण है, तब रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है। अमेरिका के दौरे पर गए पीएम मोदी ने इस सवाल को खारिज कर दिया कि क्या उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ गौतम अडानी अभियोग मुद्दे पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा, भारत एक लोकतंत्र है और हमारी संस्कृति %वसुधैव कुटुंबकम% है, हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। मेरा मानना है कि हर भारतीय मेरा है। दो देशों के दो प्रमुख नेता कभी भी ऐसे व्यक्तिगत मुद्दों पर चर्चा नहीं करते हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने पिछले साल नवंबर में अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अडानी समूह के कई अधिकारियों के खिलाफ भारत में सौर ऊर्जा परियोजना अनुबंधों से जुड़ी 250 मिलियन डॉलर की रिश्वत योजना में शामिल होने का आरोप लगाते हुए आरोप दायर किया था। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने समूह पर प्रतिभूतियों और वायर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उन्होंने रिश्वतखोरी में लिप्त रहते हुए अमेरिकी निवेशकों को उनकी भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिबद्धताओं के बारे में गुमराह किया।

# पुलिस ने घेराबंदी कर लाखों का गांजा किया जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 14 फरवरी (हाईवे चैनल)। गांजा तस्करी के खिलाफ पुलिस का एक्शन जारी है. जिले में दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से लाखों का गांजा बरामद किया गया है. ओडिशा से गांजा लाकर यूपी और उत्तराखंड भेजा जा रहा था. मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है.

जानकारी के अनुसार, दो आरोपी आज तीन बैग के साथ लालबाग् आमागुड़ा चौक पर यात्री बस का इंतजार कर रहे थे. पुलिस ने मौके पर आरोपियों को घेराबंदी कर धर दबोचा. पूछताछ में आरोपियों ने उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश का निवासी होना बताया. आरोपियों के पास रखे बैग की तलाशी करने पर गांजा मिला. दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह गांजा ओडिशा से लेकर आए, जिसे उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड भेजने की तैयारी थी. पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपियों से 78 किलो गांजा बरामद किया है. जिसकी कीमत करीब 7.8 लाख रुपये आंकी गई है. तस्करी मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है.

# बलौदाबाजार जांच आयोग का कार्यकाल का 4 माह आगे बढ़ा




**रायपुर,** 14 फरवरी (हाईवे चैनल)। बलौदाबाजार के अमरगुफा में हुई घटना की जांच के लिए गठित जांच आयोग का कार्यकाल 4 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। आयोग का कार्यकाल 12 फरवरी 2025 को समाप्त हो रहा था। सरकार ने इसे 12 जून 2025 तक बढ़ा दिया है। बता दें कि 15 और 16 मई 2024 की रात्रि में बलौदाबाजार जिले के गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखांभ की क्षति ग्रस्त होने की घटना की सरकार ने न्यायिक जांच कराने की घोषणा की थी। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त न्यायाधीश सीबी बाजपेयी की एकल सदस्यीय टीम इस घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। जांच के लिए 6 बिंदु तय किए गए हैं।

# प्रशासन की तत्परता से जांजगीर-चांपा जिले में 14 बाल विवाह रोके गए



**रायपुर,** 14 फरवरी। जिला प्रशासन की सक्रियता और महिला एवं बाल विकास विभाग की तत्परता से जांजगीर-चांपा जिले में पखवाड़े भर में कुल 14 बाल विवाह रोके गए, जिससे नाबालिग बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो गया। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रीमती अनिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में जांजगीर-चांपा जिले में बाल विवाह की रोकथाम का अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस विभाग के समन्वय से विभिन्न गांवों में इन बाल विवाहों को रोका गया।

इस अभियान के तहत 13 फरवरी 2025 को विकासखंड नवागढ़ के ग्राम अवरीद में एक ही दिन में 5 बाल विवाह रोके गए। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। बालक-बालिकाओं की जन्मतिथि एवं अंकसूचियों की जांच की गई, जिसमें उनकी उम्र विवाह की न्यूनतम निर्धारित आयु से कम पाई गई। विभागीय अधिकारियों ने परिजनों और स्थानीय नागरिकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी और उन्हें समझाइश दी। समझाइश के उपरांत परिजनों की सहमति से विवाह रोक दिया गया और गवाहों के समक्ष घोषणा पत्र व राजीनामा पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल का कहना है कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुप्रथा नहीं, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। छोटी उम्र में विवाह होने से शारीरिक और मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। लड़कियों में कुपोषण, रक्त की कमी और जटिल प्रसव संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। बच्चों की शिक्षा बाधित होती है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने से वंचित रह जाते हैं। घरेलू हिंसा, शोषण और सामाजिक असमानता की संभावना बढ़ जाती है। श्रीमती अनिता अग्रवाल ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिले, तो तत्काल विभाग को सूचित करें। समय रहते दी गई जानकारी से बच्चों के जीवन को संवारने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा है कि बाल विवाह को रोकना प्रशासन और समाज दोनों की संयुक्त जिम्मेदारी आवश्यक है। सभी नागरिकों से आग्रह है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करने में सहयोग करें और बच्चों को एक उज्जवल भविष्य देने में भागीदार बनें।